ADT/2026/7672-74, Dated : 16.11.2026

प्रैस नोट

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदेश के बेरोजगार अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं से विभिन्न प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा तीन दिवसीय "फल एवं सब्जी परीरक्षण, नर्सरी रेजिंग, कटाई एवं सिलाई, प्राकृतिक खेती/नेचुरल फ़ार्मिंग, श्रीअन्न के बेकिंग से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना " पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे जिसमे प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति के बेरोजगार युवक/युवतियों से इस प्रशिक्षण मे भाग लेने हेतु 30 नवम्बर 2026 शाम 4.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक उम्मीदवार संस्थान मे पहुँचकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय मे उपलब्ध है जिसे भर कर और साथ मे जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, फोटो, दसवीं उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र, बैंक खाता नंबर के लिए बैंक पासबुक की कॉपी, अन्य किसी विशेष प्रमाण-पत्र इत्यादि के दस्तावेजों की प्रति साथ लगाना अति आवश्यक है। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3, लूदास रोड पर स्थित है। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि मे भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण-पत्र और स्कीम के तहत सहायता सामग्री देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण मे भाग लेने हेतु उम्मीदवार को यह सुनिश्चित/प्रमाणित करना होगा कि उम्मीदवार या उसके परिवार के किसी भी अन्य सदस्य ने इससे पहले कभी भी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के किसी भी संबन्धित संस्थान या कृषि विज्ञान केंद्र से कोई सहायता प्रदत स्कीम के तहत कोई प्रशिक्षण नहीं लिया।

नोट : प्रशिक्षण की तिथि नवम्बर माह के बाद तय की जाएगी और विश्वविद्यालय की चयन कमेटी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को दूरभाष के माध्यम से सूचित करके बुलाया जाएगा।

-sd-
सहः निदेशक (प्रशिक्षण)
एस.एन.आई.ए.टी.टी.ई., हिसार

CC :
1 विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार
2 मीडिया एडवाइजर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार
3 कंप्यूटर अनुभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार